निजी सहायक पद के लिए भर्ती नियम

1	पदनाम	निजी सहायक
2.	पदों की संख्या	8
3.	वर्गीकरण	सचिवालयीन पद, **वर्ग** 'सी'
4.	वेतनमान	वेतन बैंड रु. 9300-34800, ग्रेड वेतन रु. 4200 के साथ ।
5.	प्रवरण पद या गैर प्रवरण पद	प्रवरण पद
6.	आयु सीमा	**पदोन्नति :** उम्रः नहीं **प्रतिनियुक्ति :** उम्र : 40 वर्ष से अधिक नही । **समावेश :** उम्र : 43 वर्ष से अधिक नहीं । (उपयुक्त प्रकरणों में कुलपति द्वारा 2 वर्ष तक छूट **दी जा सकती है**)
7.	क्या पदोन्नति पाने वाले/प्रतिनियुक्ति/समावेश के लिए शैक्षिक योग्यताएँ व अनुभव निर्धारित है ?	**पदोन्नति** *अनिवार्य:* *शैक्षिक तथा तकनीकि योग्यताएँ:* 1. **ग्रेजुएट** उपाधि । 2. अंग्रेजी आशुलिपि उच्च/सीनियर ग्रेड (120 शब्द प्रति मिनट) । 3. अंग्रेजी टंकण उच्च/सीनियर ग्रेड (45 शब्द प्रति मिनट) । 4. सूचना और संप्रेषण प्रौद्योगिकी में दक्षता । *सेवा अर्हता :* नियमित सेवा कम से कम 5 वर्ष के साथ आशुलिपिक/टंकक या समतुल्य से । *वांछनीय :* हिन्दी में टंकण । **प्रतिनियुक्ति** : नियमित तौर पर अनुरूप पद वहन करने वाले व्यक्ति या किसी केन्द्रीय/राज्य विश्वविद्यालय या स्वायत्त शैक्षिक/अनुसंधान संस्था, केन्द्रीय/राज्य सरकार या सरकारी उद्यम, पोर्ट ट्रस्ट आदि में वेतन बैंड रु. 5200–20200, ग्रेड वेतन रु. 2400 के साथ आशुलिपिक या समतुल्य **पद पर** कम से कम 5 वर्ष का अनुभव । समावेश : प्रतिनियुक्त किये गये व्यक्ति जिन्होंने भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय में निजी सहायक के रूप में कम से कम 3 वर्ष की अवधि तक संतोषजनक कार्य किया है बशर्ते कि अपनी मातृ संस्थान से सहमति प्राप्त हो । पदोन्नति के प्रकरण में जो शैक्षिक तथा तकनीकि अर्हता निर्धारित है वही प्रतिनियुक्ति/समावेश के लिए लागू होगी।

IndiaCode

		अगर पूर्ण रूप से अर्हता प्राप्त अभ्यर्थी नहीं मिले तो सेवा अर्हता में छूट प्रदान करने का अधिकार कार्यकारिणी समिति के पास सुरक्षित है।
8	**भर्ती** का तरीका, **सीधी भर्ती** के द्वारा या पदोन्नति या प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण/ समावेश द्वारा तथा विभिन्न तरीकों से भर्ती किये जाने वाले रिक्त स्थानों का प्रतिशत	पदोन्नति द्वारा, नही तो प्रतिनियुक्ति/ समावेश के जरिये
9	अगर विभागीय पदोन्नति समिति/चयन समिति उपलब्ध हो तो उसकी संरचना	(i) अध्यक्ष के रूप में कुलसचिव । (ii) कुलपति के दो नामिती ।
10.	टिप्पणी	सेवानिवृत्ति आयु : 60 वर्ष । प्रतिनियुक्ति के लिए, प्रायोजक विभाग/ एजेन्सी से संबंधित आयु लागू होगी।

नोट: दिनांक 12 मई, 2009 को भारत के राजपत्र संख्या 76 के "प्रशासनिक मामलों को निर्धारित करने वाले अध्यादेश" के अध्याय 9 में प्रकाशित प्रकाशन क्रम संख्या 22 को निरस्त किया जाता है।

2015 का अध्यादेष 12

[कार्यकारी समिति संकल्प सं का स 2015 – 30–33 दि 25-02-2015 के तहत]

भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय मुख्यालय तथा परिसरों में परिसर निदेशक, अधिकारी तथा गैर–शिक्षण कर्मचारियों के लिए निष्पादन मूल्यांकन का तरीका

1. भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय में नियमित तौर पर नियुक्त अधिकारी तथा गैर–शिक्षण कर्मचारी के लिए निष्पादन मूल्यांकन प्रणाली (पीएएस) कार्य उत्पादन, व्यक्तिगत विशेषताओं का मूल्याकन और कार्यकारी क्षमता का मूल्यांकन जैसे तीन भागों का होगा। परिसर निदेशकों के लिए चतुर्थ भाग, शैक्षिक अंशदान होगा।

2. कुल अंकों को निम्न तौर पर 10 पाइन्ट स्केल पर 'स्कोर' में कम करना है:

9 से 10	-	श्रेष्ठ
8 से <9	-	बहुत अच्छा
6 से <8	-	अच्छा
4 से <6	-	मध्यम
4 से कम	-	खराब

3. प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन (पीएआर) लिखा जाएगा जैसे आगामी वर्ष में, जैसे 1 अप्रैल से 31 मार्च तक। वित्तीय वर्ष के दौरान, जहॉ एक से अधिक पीएआर लिखा जाएगा, ऐसे लिखे गये प्रतिवेदन में उससे संबंधित अवधि का संकेत दिया जाएगा।

अगर आच्छादित अवधि 3 महीने से कम होगी तो कोई निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन (पीएआर) लिखने की जरूरत नहीं है। इसके बदले फाइल में इससे संबंधित प्रमाण पत्र रखना है।

4. 'प्रतिवेदक प्राधिकारी' द्वारा निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन (पीएआर) लिखा जाएगा और उसे 'पुनरीक्षण प्राधिकारी' द्वारा उसका पुनरीक्षण किया जाएगा। विभिन्न अधिकारी, परिसर निदेशक तथा गैर–शिक्षण कर्मचारी के लिए प्रतिवेदक प्राधिकारी तथा पुनरीक्षण प्राधिकारी निम्न होंगे:

भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय मुख्यालय			
क्रम सं	**पदों का वर्गीकरण**	**प्रतिवेदक अधिकारी**	**पुनरीक्षण अधिकारी**
1.	**वर्ग** 'सी' अधिकारी	संबंधित सहायक कुलसचिव	कुलसचिव
2.	**वर्ग** 'बी' अधिकारी	संबंधित उप कुलसचिव	कुलसचिव
3.	निजी कर्मचारी – निजी सचिव/ निजी सहायक/ आशुलिपिक/ चालक आदि	संबंधित अधिकारी	
4.	**वर्ग** 'ए' अधिकारी (i) सहायक कुलसचिव	कुलसचिव	कुलपति
	(ii) उप कुलसचिव	कुलसचिव	कुलपति
	(iii) कुलसचिव, वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक, पुस्तलयाध्यक्ष	कुलसचिव	
भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय परिसर			
क्रम सं	**पदों का वर्गीकरण**	**प्रतिवेदक प्राधिकारी**	**पुनरीक्षण प्राधिकारी**
1.	**वर्ग** 'सी' अधिकारी	उप कुलसचिव [या उसकी अनुपस्थिति में सहायक कुलसचिव (प्रशासन)]	परिसर निदेशक
2.	**वर्ग** 'बी' अधिकारी	उप कुलसचिव [या उसकी अनुपस्थिति में सहायक कुलसचिव (प्रशासन)]	परिसर निदेशक
3.	निजी कर्मचारी – निजी सचिव/ निजी सहायक/ आशुलिपिक/ चालक आदि	संबंधित अधिकारी	
4.	**वर्ग** 'ए' अधिकारी (i) सहायक कुलसचिव	परिसर निदेशक	कुलपति
	(ii) उप कुलसचिव	परिसर निदेशक	कुलपति
5.	परिसर निदेशक	कुलपति	

प्रतिवेदक प्राधिकारी के रूप में अपने मूल्यांकन को दर्ज करने के पूर्व, मुख्यालय से संबंधित कुलसचिव, परिसर से संबंधित परिसर निदेशक, संबंधित उप कुलसचिव से सहायक कुलसचिव के निष्पादन पर टिप्पणी की मॉग कर सकते हैं और यह टिप्पणी अभिलेख का भाग बनेगा।

5. निष्पादन मूल्याकन प्रतिवेदन (पीएआर) का प्रारूप, समय–समय पर कार्यकारिणी समिति द्वारा निर्धारित होगा। अधिकारी (**वर्ग** ए और **वर्ग** बी), परिसर निदेशक तथा **वर्ग** सी गैर–शिक्षण कर्मचारी के लिए अलग पीएआर प्रारूप होगा। जैसे आवश्यकता पडे, इस

प्रारूप में संशोधन करने के लिए कुलपति प्राधिकृत है (विभिन्न निष्पादन संकतों के लिए वेइटेज को बदले बिना) तथा कार्यकारिणी समिति से आवश्यक अनुसमर्थन प्राप्त करना है।

6. **वर्ग** ए और **वर्ग** बी तथा परिसर निदेशक जिन पर प्रतिवेदित किया जा रहा है को प्रतिवेदित अवधि की समाप्ति के 2 महीने के अन्दर (जैसे 31 मई के पूर्व) प्रतिवेदक प्राधिकारी को पीएआर प्रारूप में संबंधित पंक्ति में स्व–मूल्यांकन प्रतिवेदन पेश करना पड़ेगा। (**वर्ग** 'सी' गैर–शिक्षण **वर्ग** एक अलग कागज पर लिख सकता है और उसे पीएआर प्रारूप के साथ संलग्न कर सकता है)। अगर निर्धारित समयावधि के अधीन एक अधिकारी स्व मूल्यांकन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने से चूकता है तो फिर स्व–मूल्यांकन प्रतिवेदन के बिना अपने अंक दर्ज करने की स्वतंत्रता प्रतिवेदक प्राधिकारी तथा पुनरीक्षण प्राधिकारी को रहेगा।

7. सामान्यतः प्रारूप की प्राप्ति की तारीख से 2 महीने के अन्दर, पीएआर प्रारूप के संबंधित पंक्ति में, प्रत्येक निष्पादन संकेतक के लिए अंक तथा 10 पाइन्ट स्केल पर स्कोर, प्रतिवेदक प्राधिकारी तथा पुनरीक्षण प्राधिकारी दर्ज करेगा। जब एक प्रतिवेदक प्राधिकारी/ पुनरीक्षण प्राधिकारी सेवानिवृत्त होंगे, तब सेवानिवृत्ति की एक महीने के अन्दर अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा।

8. पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा प्रदान किये जाने वाले 10 पाइन्ट स्केल पर संपूर्ण स्कोर अंतिम होगा।

9. 10 पाइन्ट स्केल पर संपूर्ण स्कोर के अलावा, प्रतिवेदक प्राधिकारी तथा पुनरीक्षण प्राधिकारी, अधिकारी के निष्पादन के बारे में 200 शब्दों के अन्दर लघु विवरणात्मक प्रतिवेदन दर्ज करेंगे।

10. पीएआर को दण्डात्मक लक्ष्य नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे अधिकारी को पूर्ण संभाव्यता उपलब्धि हेतु तथा उचित परिणाम प्राप्त करने हेतु मार्गदर्शक होना है।

11. उचित पावती के अधीन अवलोकन के लिए अधिकारी को पीएआर की छाया प्रति प्रदान की जाएगी।

12. कोई भी अधिकारी जिन्हें 10 पाइन्ट स्केल के 4 से कम स्कोर प्रदान किया गया है वह पीएआर की प्रति संप्रेषण की तारीख से 2 महीने के अन्दर पुनरीक्षण प्राधिकारी को लिखित प्रतिनिधित्व प्रस्तुत कर सकता है। व्यथित अधिकारी के प्रतिनिधित्व पर, पुनरीक्षण अधिकारी द्वारा प्रतिवेदक प्राधिकारी से टिप्पणी प्राप्त किया जाएगा और 3 महीने के अन्दर स्कोर में संशोधन के संबंध में यथोचित आदेश पारित करेगा।

13. अगर प्रतिवेदक प्राधिकारी तथा पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा लिखित लघु विवरणात्मक बयान में कोई टिप्पणी अधिकारी के विरुद्ध है तो वह पीएआर की प्रति संप्रेषण की तारीख से 2 महीने के अन्दर, पुनरीक्षण प्राधिकारी को एक लिखित निवेदन समर्पित कर सकता है। व्यथित अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिनिधित्व पर प्रतिवेदक अधिकारी की टिप्पणी पुनरीक्षण अधिकारी द्वारा प्राप्त की जाएगी और यथोचित आदेश 3 महीनों के अन्दर पारित किया जाएगा। जब प्रतिवेदक प्राधिकारी द्वारा कोई विपरीत टिप्पणी नहीं लिखा गया है परन्तु पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा विपरीत प्रतिवेदन लिखा जाए तो इसे यथोचित माना जाएगा। जहॉ प्रतिवेदक प्राधिकारी द्वारा विपरीत टिप्पणी लिखा जाए पर उसे पुनरीक्षण अधिकारी द्वारा अस्वीकार किया जाता है, उस समय यह माना जाएगा कि अधिकारी के विरुद्ध कोई विपरीत टिप्पणी नहीं है।

भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के वर्ग ए और वर्ग बी अधिकारियों के लिए 1 अप्रैल ..... से 31 मार्च ..... तक की निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन का प्रारूप

भाग I : सामान्य विवरण

1. अ. प्रतिवेदित अधिकारी का नाम
   आ. पदनाम
2. परिसर/ मुख्यालय:
3. वर्तमान **पद पर भर्ती** की तारीख
4. प्रतिवेदक अधिकारी के अधीन कार्य की अवधि
   (..... से ..... तक)
5. प्रतिवेदित अवधि के दौरान भाग लिये गये प्रशिक्षण, लिये गये छुट्टीयों का विवरण

(i) छुट्टी - (ii) प्रशिक्षण:-

6. क्या भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के आचरण नियमों के अनुसार संपत्ति रिटर्न दर्ज किया गया:

भाग II – स्व मूल्यांकन

1. कर्तव्यों की लधु व्याख्या:

(आपसे निर्वाहन किये जाने वाले पद का उद्देश्य तथा आपसे निष्पादित किये जाने वाले आवश्यक कार्य, लगभग 100 शब्दों में)

2. वार्षिक कार्य योजना और उपलब्धि

निष्पादन किये जाने योग्य कार्य	प्रदेय	उपलब्धि

टिप्पणी : अगर आवश्यक विचार किया जाय, तो उपरोक्त प्रारूप में अलग कागज में विवरण पेश करके उसे पीएआर के साथ संलग्न कर सकते हैं।

3. क्या आप विश्वास करते हैं प्रतिवेदित अवधि के दौरान, आपने कुछ विशिष्ट अंशदान प्रदान किया, उदा : मुख्य प्रणालीकृत विकास के लिए असाधारण चुनौतिपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक समाप्त करना (जिसके परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय/ विद्यार्थियों के लिए विशिष्ट लाभ हो तथा समय व लागत में बचाव हो)? अगर हाँ तो शाब्दिक व्याख्या (100 शब्दों में) प्रदान करें।

4. आपके निष्पादन पर बाधा डालने वाले कारक कौन से है?

IndiaCode

भाग III – मूल्यांकन

1. भौतिक क्षमता :

2. 'कार्य उत्पादन' का मूल्याकन (इस मूल्यांकन में अधिकारी को, सामान्य आबादी में नही बल्कि समकक्ष व्यक्ति के तुलना में रेट करना है और 1–10 तक स्केल में ग्रेड, पूर्ण अंकों में प्रविष्ट करना है जिसमें 1 निम्न ग्रेड को संदर्भित करता है और 10 श्रेष्ठ ग्रेड को संदर्भित करता है। इस भाग के लिए वेइटेज 40 प्रतिशत होगी।

विवरण	प्रतिवेदक प्राधिकारी	पुनरीक्षण प्राधिकारी
(i) योजनाकृत कार्यों की उपलब्धि		
(ii) उत्पादन की गुणता		
(iii) असाधारण कार्यो की उपलब्धि/ निष्पादित अनपेक्षित कार्य		
''कार्य उत्पादन'' पर संपूर्ण ग्रेडिंग [औसतम मूल्य (i) से (iii)]		

3. 'व्यक्तिगत विशेषताओं' का मूल्यांकन : (इस अनुभाग के लिए वेइटेज 30 प्रतिशत होगा)

विवरण	प्रतिवेदक प्राधिकारी	पुनरीक्षण प्राधिकारी
(i) कार्य की ओर मनोभाव		
(ii) जिम्मेदारी की भाव		
(iii) अनुशासन का रखरखाव		
(iv) भावात्मक क्षमता		
(v) संप्रेषण क्षमताएँ		
(vi) व्यावसायिक निर्णय लेने संबंधित नैतिक धैर्य और इच्छा		
(vii) नेतृत्व गुणवत्ता		
(viii) समय सीमा में कार्य करने संबंधित क्षमता		
व्यक्तिगत विशेषताओं पर संपूर्ण ग्रेडिंग [औसतम मूल्य (i) से (viii)]		

4. कार्यकारी क्षमता का मूल्यांकन (1 – 10 की स्केल में। इस प्रभाग की वेइटेज 30 प्रतिशत होगी)

विवरण	प्रतिवेदक प्राधिकारी	पुनरीक्षण प्राधिकारी
(i) कानून/ नियम/ सूचना प्रौद्योगिकी क्षमता संबंधित ज्ञान और संबंधित क्षेत्र में क्षेत्रीय नियमों की जागरूकता		
(ii) रणनैतिक योजनाकरण क्षमता		
(iii) निर्णय लेने की क्षमता		
(iv) पहलु		
(v) समन्वयन क्षमता		
(vi) अधीनस्थों को उत्प्रेरित करने/ वर्ग में कार्य करने की क्षमता		
'कार्यकारी दक्षता' पर संपूर्ण ग्रेडिंग [(i) से (vi) का औसत मूल्य]		

IndiaCode

5. संपूर्ण ग्रेडिग 10 में से:

[उपरोक्त 2, 3 तथा 4 के अधीन ग्रेडिंग का वेइटेड औसतम]

6. अखंडता (उचित बाक्स में टिक लगाये)

शक के बिना		
जैसे कि अधिकारी की अखंडता पर शक है, गुप्त टिप्पणी साथ संलग्न है।		
पर्याप्त समय तक अधिकारी के कार्यों पर निगरानी नहीं किया जिस कारण से निश्चित निर्णय ले नहीं पा रहा हूँ पर अधिकारी के बारे में कोई प्रतिकूल तथ्य प्रतिवेदन करने के लिए नहीं है।		

7. प्रतिवेदक अधिकारी द्वारा लिखित चित्र (200 शब्दों से अधिक नहीं)

IndiaCode

प्रतिवेदक प्राधिकारी का हस्ताक्षर
ब्लाक अक्षरों में नाम:
पदनाम
तारीख :

पुनरीक्षण प्राधिकारी की टिप्पणी

8. पुनरीक्षण प्राधिकारी के अधीन सेवा अवधि :

9. अखंडता (उचित बाक्स में टिक लगाये)

शक के बिना		
जैसे कि अधिकारी की अखंडता पर शक है, गुप्त टिप्पणी साथ संलग्न है।		
पर्याप्त समय तक अधिकारी के कार्यों पर निगरानी नहीं किया जिस कारण से निश्चित निर्णय नहीं ले पा रहा हूँ पर अधिकारी के बारे में कोई प्रतिकूल तथ्य प्रतिवेदन करने के लिए नहीं है।		

10. स्पष्ट करें कि प्रतिवेदक प्राधिकारी की टिप्पणियो से पुनरीक्षण प्राधिकारी पूर्ण रूप से सहमत है या नहीं : अगर प्रतिवेदक प्राधिकारी के टिप्पणियों पर, कुछ संशोधन किया जाता है तो उसके लिए कारण का भी संकेत दिया जाए।

11. प्रतिवेदक प्राधिकारी द्वारा लिखित चित्र पर टिप्पणी, अगर कुछ हो

12. स्केल 1 से 10 पर संपूर्ण ग्रेडिंग:

पुनरीक्षण प्राधिकारी का हस्ताक्षर :

ब्लाक अक्षरों में नाम :

पदनाम :

तारीख :

1 **अप्रैल** ———— से 31 मार्च ———— की अवधि के लिए भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय का परिसर निदेशक के लिए निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन हेतु प्रारूप

भाग I : सामान्य विवरण

1. परिसर निदेशक का नाम :
2. परिसर :
3. वर्तमान **पद पर भर्ती** की तारीख :
4. प्रतिवेदक प्राधिकारी के अधीन सेवा की अवधि :

   (..... से ..... तक)
5. प्रतिवेदित अवधि के दौरान भाग लिये गये प्रशिक्षण, लिये गये छुट्टीयों का विवरण

   (i) छुट्टी -

   (ii) प्रशिक्षण:-
6. भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के आचरण नियमों के अनुसार क्या संपत्ति रिटर्न दर्ज किया गया :

भाग II : स्व मूल्यांकन

1. कर्तव्यों की लघु व्याख्या:

(आपसे वहन किये गये पद का उद्देश्य और आपसे निष्पादन किये जाने वाले आवश्यक कार्य, लगभग 100 शब्दों में)

2. वार्षिक कार्य योजना और उपलब्धि

निष्पादन किये जाने योग्य कृत्य	प्रदेय	उपलब्धि

IndiaCode

टिप्पणी : अगर अनिवार्य समझा जाए, तो उपरोक्त प्रारूप में अलग कागज में विवरण को प्रदान किया जा सकता है और पीएआर के साथ अनुलग्न किया जा सकता है।

3. प्रतिवेदित अवधि के दौरान, क्या आप विश्वास करते हैं कि आपने कुछ विशिष्ट अंशदान प्रदान किया, उदा : मुख्य प्रणालीकृत विकास के लिए असाधारण चुनौतिपूर्ण कार्य की सफलतापूर्वक समाप्ति (जिसके परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय/ विद्यार्थियों के लिए विशिष्ट लाभ हो तथा समय व लागत में कमी हो) अगर हॉ तो शाब्दिक व्याख्या (100 शब्दों से कम) प्रदान करें।

4. आपके निष्पादन पर बाधा डालने वाले कारक कौन से है?

IndiaCode

5. शैक्षिक अंशदान

(अ) पुस्तकें और लेख

क्रम सं	पृष्ठ संख्या के साथ पुस्तक का शीर्षक	सह—लेखकों की संख्या	क्या आप ही मूल लेखक है?

(आ) अपनाये गये अनुसंधान परियोजनाएँ

क्रम सं	क्या अनुसंधान परियोजना है या परामर्शदाता	अनुसंधान परियोजना का शीर्ष/विषय	शुरूआत की तारीख	पूर्ण होने की संभाव्य तिथि	प्राप्त कुल अनुदान/ निधियॉ (रु.)	प्रायोजक/ निधि प्रदान करनेवाले एजेन्सी का नाम	क्या प्रायोजक एजेन्सी को परिणाम/ उत्पादन भेजा गया

(इ) क्षेत्रीय/राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशनों में प्रस्तुत प्रपत्र -

क्र सं.	प्रस्तुत प्रपत्र का शीर्षक/विषय	अधिवेषण/ सेमिनार/ सिम्पोसियम/ कार्यशाला/ रेफ्रशर और ओरियेन्टेशन पाठ्यक्रम आदि का विषय	क्या अंतर्राष्ट्रीय/ राष्ट्रीय/क्षेत्रीय/ विश्वविद्यालय स्तर का है	प्रायोजक (विश्वविद्यालय/ संस्था का नाम)	आयोजित जगह	क्या कार्यवृत्तों को प्रकाशित किया गया हॉ/ नहीं

(ई) किसी अन्य परिचय, विशिष्ट अंशदान, परामर्शदाता, पुरस्कार प्राप्त आदि जिन्हें पूर्व में बताया नहीं गया है।

क्रम सं	विवरण (वर्ष, मूल्य आदि, जहॉ उपयुक्त हो उल्लिखित करें)

भाग III : मूल्यांकन

1. भौतिक क्षमता :

2. 'कार्य उत्पादन' का मूल्यांकन (इस मूल्यांकन में सामान्य आबादी में नहीं बल्कि अधिकारी को समकक्ष व्यक्ति के तुलना में रेट करना है । 1–10 तक स्केल में ग्रेड, पूर्ण अंकों में प्रविष्ट करना है जिसमें 1 निम्न ग्रेड को संदर्भित करता है और 10 श्रेष्ठ ग्रेड को संदर्भित करता है। इस प्रभाग के लिए वेइटेज 40 प्रतिशत रहेगा) :

विवरण	प्रतिवेदक प्राधिकारी	पुनरीक्षण प्राधिकारी
(i) योजनाकृत कार्यों की उपलब्धि		
(ii) उत्पादन की गुणवत्ता		
(iii) असाधारण कार्यो की उपलब्धि/ निष्पादित अनपेक्षित कार्य		
'कार्य उत्पादन' पर संपूर्ण ग्रेडिंग [औसतम मूल्य (i) से (iii)]		

3. 'व्यक्तिगत विशेषताओं' का मूल्यांकन :(इस अनुभाग के लिए वेइटेज 20 प्रतिशत रहेगा)

विवरण	प्रतिवेदक प्राधिकारी	पुनरीक्षण प्राधिकारी
(i) कार्य की ओर मनोभाव		
(ii) जिम्मेदारी की भावना		
(iii) अनुशासन का रखरखाव		
(iv) भावात्मक क्षमता		
(v) संप्रेषण क्षमताएँ		
(vi) व्यावसायिक निर्णय लेने की इच्छा तथा नैतिक ताकत		
(vii) नेतृत्व के गुण		
(viii) समय सीमा में कार्य करने की क्षमता		
व्यक्तिगत विशेषताओं का संपूर्ण ग्रेडिंग [औसत मूल्य (i) से (viii)]		

4. कार्यकारी दक्षता का मूल्यांकन (1 – 10 की स्केल में। इस अनुभाग की वेइटेज 20 प्रतिशत होगी)

IndiaCode

विवरण	प्रतिवेदक प्राधिकारी	पुनरीक्षण प्राधिकारी
(i) कानून/नियम/सूचना प्रौद्योगिकी क्षमता संबंधित ज्ञान और संबंधित क्षेत्र में क्षेत्रीय नियमों की जागरूकता		
(ii) रणनैतिक योजनाकरण क्षमता		
(iii) निर्णय लेने की क्षमता		
(iv) पहलु		
(v) समन्वय की क्षमता		
(vi) अधीनस्थों को उत्प्रेरित करने व विकसित करने/वर्ग में कार्य करने की क्षमता		
'कार्यकारी दक्षता' पर संपूर्ण ग्रेडिंग [(i) से (vi) का औसत मूल्य]		

5. परिसर निदेशक द्वारा प्रदान किये गये शैक्षिक अंशदान (इस अनुभाग के लिए वेइटेज 20 प्रतिशत होगी)

6. 10 में से संपूर्ण ग्रेडिंग:

[उपरोक्त 2,3,4 और 5 के अधीन ग्रेडिंग का औसत]

7. अखंडता (उचित बॉक्स पर टिक चिन्ह लगायें)

शक के बिना		
जैसे कि अधिकारी की अखंडता पर शक है, गुप्त टिप्पणी साथ संलग्न है।		
पर्याप्त समय के लिए अधिकारी के कार्यों पर निगरानी नहीं किया जिस कारण से निश्चित निर्णय नहीं ले पा रहा हूँ परंतु अधिकारी के बारे में कोई प्रतिकूल तथ्य प्रतिवेदन करने के लिए नहीं है।		

8. प्रतिवेदक प्राधिकारी द्वारा लिखित चित्र (200 शब्दों से अधिक न रहना है)

प्रतिवेदक अधिकारी का हस्ताक्षर :

ब्लाक अक्षरों में नाम :

पदनाम :

तारीख :

<u>पुनरीक्षण प्राधिकारी की टिप्पणी</u>

9. पुनरीक्षण प्राधिकारी के अधीन सेवा की अवधि :

10. अखंडता (उपयुक्त बॉक्स पर 'टिक' लगाये)

शक के बिना		
जैसे कि अधिकारी की अखंडता शकपूर्ण है, गुप्त टिप्पणी साथ संलग्न है।		
पर्याप्त समय के लिए अधिकारी के कार्यों पर निगरानी नहीं किया जिस कारण से निश्चित निर्णय नहीं ले पा रहा हूँ परंतु अधिकारी के बारे में कोई प्रतिकूल तथ्य प्रतिवेदन करने के लिए नहीं है।		

11. स्पष्ट करें कि प्रतिवेदक प्राधिकारी की टिप्पणियो से पुनरीक्षण करने वाले प्राधिकारी पूर्ण रूप से सहमत है या नहीं : अगर प्रतिवेदक प्राधिकारी के टिप्पणियों पर, उनसे कुछ संशोधन किया जाता है तो ऐसे संशोधन के लिए कारण का भी संकेत दें।

12. प्रतिवेदक प्राधिकारी द्वारा लिखित चित्र पर टिप्पणी अगर कुछ हो :

IndiaCode

13. 1 से 10 तक संपूर्ण श्रेणीकरण:

पुनरीक्षण प्राधिकारी का हस्ताक्षर :

ब्लाक अक्षरों में नाम :

पदनाम :

तारीख :

<u>वर्ग 'सी' कर्मचारी के लिए निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन</u>

1. नाम :
2. पदनाम :
3. प्रतिवेदक प्राधिकारी के अधीन सेवा की अवधि :

   ——————— से ———————

4. प्रतिवेदित अवधि में छुट्टी और प्रशिक्षण प्राप्ति का

   विवरण :

   (i) छुट्टी :

   (ii) प्रशिक्षण :

5. कार्य करनेवाले खंड (प्रशासन / परीक्षा तथा शैक्षिक / वित्त व लेखा / स्टोर्स / इंजीनियरिंग) :
6. निर्दिष्ट कर्तव्यों की प्रकृति :
7. जन्म की तारीख :
8. शैक्षिक व तकनीकि योग्यता :
9. सेवा निवृत्ति की तारीख :

10. क्या सक्षम प्राधिकारी को संपत्ति रिटर्न समर्पित

किया गया :

11. **भर्ती** का तरीका :

12. प्रथम **भर्ती** की तारीख :

13. वेतनमान और वर्तमान वेतन :

14. निश्चित लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धियॉ :

(कृपया विवरण प्रस्तुत करें)

15. भौतिक क्षमता :

16. कार्य की और मनोभाव :

17. उत्पादन की गुणवत्ता :

18. नियम, विनियम तथा प्रक्रियाओं के बारे में ज्ञान :

19. अखंडता (अधिकारी की अखंडता पर टिप्पणी लिखें):

20. प्रतिवेदक प्राधिकारी द्वारा पेन चित्र (कृपया उसकी ताकतवर क्षेत्र तथा कम ताकतवर क्षेत्र सम्मिलित करके अधिकारी की संपूर्ण गुणों पर टिप्पणी लिखें)

21. संपूर्ण रेटिंग (उत्कृष्ठ/ बहुत अच्छा/ अच्छा/ संतुष्टजनक/असंतोषजनक – आपके उपयुक्त रेटिंग लिखें)

प्रतिवेदक अधिकारी का हस्ताक्षर :

ब्लाक अक्षरों में नाम :

पदनाम :

तारीख :

पुनरीक्षण प्राधिकारी की टिप्पणी

22. पुनरीक्षण प्राधिकारी के अधीन सेवा की अवधि :

23. स्पष्ट करें कि प्रतिवेदक प्राधिकारी की टिप्पणियों से पुनरीक्षण करने वाले प्राधिकारी पूर्ण रूप से सहमत है या नहीं : अगर प्रतिवेदक प्राधिकरण के टिप्पणियों पर, उनसे कुछ संशोधन किया जाता है तो उस संशोधन के लिए कारण का भी संकेत दें:

24. अखंडता (प्रतिवेदित अधिकारी की अखंडता पर टिप्पणी लिखें):

25. टिप्पणी अगर कुछ हो तो प्रतिवेदक प्राधिकारी द्वारा लिखित चित्रों से लिखा जाएगा :

पुनरीक्षण अधिकारी का हस्ताक्षर :

ब्लाक अक्षरों में नाम :

पद :

तारीख :

2015 का अध्यादेष 13

IndiaCode

[कार्यकारी समिति संकल्प सं.का स. 2015 – 30–35 दि. 25-02-2015 के तहत]

वित्त अधिकारी पद के लिए भर्ती नियम

1.	पदनाम	वित्त अधिकारी
2.	पदों की संख्या	1
3.	वर्गीकरण	वर्ग ए
4.	वेतनमान	वेतन बैंड रु.37400-67000, जीपी रु.10000 के साथ
5.	प्रवरण पद या गैर–प्रवरण पद	प्रतिनियुक्ति / **सीधी भर्ती** / पदोन्नति
6.	**सीधी भर्ती** के लिए आयु–सीमा	आयु: 55 वर्ष से अधिक नहीं (योग्य प्रकरणों में 2 वर्ष तक कुलपति द्वारा छूट प्रदान की जा सकती है)
7.	**सीधी भर्ती** के लिए आवश्यक शैक्षिक तथा अन्य योग्यताएँ	**वर्ग 1:** **अनिवार्य**: (i) सीए/आईसीडब्ल्यूए के साथ ग्रेजुएट उपाधि या कामर्स में **पोस्ट ग्रेजुएट** उपाधि में कम से कम 55 प्रतिशत या उसके समतुल्य ग्रेड । [टिप्पणी : अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/शारीरिक विकलांग वर्गों के अभ्यर्थियों को एम.कॉम में 5 प्रतिशत अंक छूट दी जाएगी (55 प्रतिशत से 50 प्रतिशत)] (ii) ग्रेड वेतन रु. 5400 या उससे अधिक में वित्त तथा लेखा में कम से कम 15 वर्ष अनुभव, जिसमें से कम से कम 8 वर्ष का अनुभव केन्द्रीय/राज्य विश्वविद्यालयों, स्वायत्त शैक्षिक संस्थाएँ, पोर्ट ट्रस्ट, सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम, केन्द्रीय/राज्य सरकारी विभाग/एजेन्सी में रु. 7600 या उससे अधिक ग्रेड वेतन है। (जहॉ एक संस्था में भिन्न वेतन संरचना है, समतुल्य वेतन मान में अभ्यर्थी पर विचार किया जाएगा)। **वांछनीय:** कम्प्यूटर तथा लेखाकरण साफटवेयर में कार्यकारी ज्ञान । [या] **वर्ग 2 :** अनिवार्य: (i) वित्त/लेखा/बजटीकरण में **वर्ग** 'ए' अधिकारी के रूप मे कम से कम 12 वर्ष अनुभव के साथ केन्द्र/राज्य सरकार में सेवारत या सेवानिवृत्त अधिकारी । **वांछनीय:** कम्प्यूटर तथा लेखा साफ्टवेयर में कार्यकारी ज्ञान। रिक्त स्थान पर **भर्ती** के लिए, अगर पूर्ण रूप से योग्यता प्राप्त अभ्यर्थी नहीं मिले तो, सेवा अर्हता पर छूट प्रदान करने का अधिकार कार्यकारिणी समिति सुरक्षित रखता है।
8.	क्या **सीधी भर्ती** के लिए निर्धारित आयु व शैक्षिक योग्यताएँ पदोन्नति/ प्रतिनियुक्ति	**पदोन्नति:**

indiacode

	किये जाने वाले कर्मचारियों के लिए लागू होगी ?	आयु – नहीं । शैक्षिक योग्यताएँ – हाँ । **प्रतिनियुक्ति** आयु– 57 वर्ष। शैक्षिक योग्यताएँ : हॉ, वर्ग 2 को छोड़कर ।
9.	परीवीक्षाणावधि अगर कुछ हो	सीधी नियुक्तियों के लिए मात्र दो वर्ष ।
10.	भर्ती का तरीका, सीधी भर्ती या पदोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/ स्थानांतरण द्वारा और विभिन्न तरीकों द्वारा पूर्ण किये जाने वाले रिक्त स्थानों की प्रतिशत ।	प्रतिनियुक्ति/सीधी भर्ती/पदोन्नति के लिए लागू नहीं होगी । पदोन्नति के प्रकरण में चयन द्वारा ।
11.	अगर विभागीय पदोन्नति समिति/ चयन समिति उपलब्ध है तो उसकी संरचना क्या होगी ?	विभागीय पदोन्नति समिति / चयन समिति में निम्न व्यक्ति होंगे । i) कुलपति अध्यक्ष के रूप में । ii) कार्यकारिणी समिति के दो स्व-नामित सदस्य। iii) कार्यकारिणी समिति द्वारा नामित एक व्यक्ति, **जो** विश्वविद्यालय की सेवा में न हो । iv) आगन्तुक द्वारा नामित एक व्यक्ति।
12.	टिप्पणी	वित्त अधिकारी पद की नियुक्ति, प्रारंभ में 5 वर्ष के लिए की जाएगी। संतुष्टजनक निष्पादन पर अधिकतम 5 वर्ष तक एक बार विस्तार के लिए हकदार होंगे। सीधी भर्ती तथा पदोन्नति पर पद पानेवालों की सेवानिवृत्ति उम्र 62 रहेगा। प्रतिनियुक्ति पर आने वाले कर्मचारियों के लिए, 62 वर्ष की अधिकतम आयु के तहत, प्रायोजक विभाग/एजेन्सी से संबंधित आयु लागू होगी।

नोट: दिनांक 12 मई, 2009 को भारत के राजपत्र संख्या 76 के "प्रशासनिक मामलों को निर्धारित करने वाले अध्यादेश" के अध्याय 9 में प्रकाशित प्रकाशन क्रम संख्या 14 को निरस्त किया जाता है।

2015 का अध्यादेष 14

[कार्यकारी समिति संकल्प सं. का. स. 2015 – 30–39 दि. 25-02-2015 के तहत]

भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को अन्य संस्थाओं में प्रतिनियुक्ति पर भेजने हेतु नीति

1. **प्रतिनियुक्ति के लिए अर्हता**

भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय में जिस कर्मचारी की सेवाओं को स्थाई किया गया है तथा जिस कर्मचारी **ने** कम से कम 5 वर्ष की सेवा पूर्ण कर लिया है, वही प्रतिनियुक्ति के लिए हकदार होगा।

किसी भी कर्मचारी को, उसकी इच्छा के विरुद्ध अन्य संस्था में प्रतिनियुक्ति में नहीं भेजा जाएगा।

किसी भी समय, अन्य संस्थाओं को प्रतिनियुक्ति पर किसी भी वर्ग में, भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के 10 प्रतिशत से अधिक कर्मचारी नहीं होंगे।

IndiaCode

बशर्ते कि प्रशासनिक कारण बस, भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय, किसी अन्य संस्था में, किसी भी कर्मचारी को, प्रतिनियुक्ति में भेजने संबंधित विनती को अस्वीकार करने का हक सुरक्षित रखता है।

2. **प्रतिनियुक्ति की अवधि तथा प्रतिनियुक्ति के लिए अनुमति देने वाले प्राधिकारी**:-

प्रतिनियुक्ति की अवधि, प्रारंभ में दो वर्ष की होगी जिन्हें बाद में प्रत्येक बार एक वर्ष के हिसाब से अधिकतम पाँच वर्ष तक विस्तार किया जा सकता है। प्रारंभ में कुलपति, भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय द्वारा दो वर्ष तक प्रतिनियुक्ति के लिए अनुमति दी जा सकती है और उसे बाद में चार वर्ष तक विस्तार किया जा सकता है। पॉचवीं वर्ष प्रतिनियुक्ति हेतु कार्यकारिणी समिति से अनुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य है। किसी भी परिस्थिति में, पाँच वर्ष से अधिक अवधि की प्रतिनियुक्ति के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी।

प्रतिनियुक्ति अवधि की समाप्ति के पूर्व, कर्मचारी को वापस भेजने का हक उधार लेने वाले संस्था को रहेगा।

प्रतिनियुक्ति अवधि की समाप्ति के पूर्व, प्रतिनियुक्ति से कर्मचारी को पुनःवापस बुला लेने का हक भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के साथ सुरक्षित है।

कुलसचिव द्वारा भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय से मुक्त किये बिना, किसी भी अन्य संस्था में किसी भी कर्मचारी को प्रतिनियुक्ति में नहीं भेजा जाएगा।

भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय से छुटकारा की तारीख से प्रतिनियुक्ति अवधि शुरू होगी और भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय में पुनः लग जाने की तारीख से पूर्व दिन पर समाप्त होगी।

पूर्ववर्ती पर जो भी बताये गये हो, तथापि, कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति अवधि, भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय में सेवानिवृत्ति की तिथि से कम से कम 12 महीने पूर्व समाप्त होगी।

IndiaCode

3. **सेवानिवृत्ति उम्र**

उधार लेने वाले संस्था में सेवानिवृत्ति उम्र अधिक होने पर भी, सेवानिवृत्ति आयु के संबंध में भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय नियम (भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय अधिनियम, 2008 की धारा 49(i) या (ii) या (iii) द्वारा शासित) ही उन पर प्रयोज्य होगा।

4. **कूलिग ऑफ अवधि**

अवधि पर ध्यान दिये बिना, प्रत्येक प्रतिनियुक्ति अवधि के बाद, कूलिंग ऑफ अवधि (अपशमन अवधि) होना अनिवार्य है।

5. **वेतन व भत्ता**

प्रतिनियुक्ति की अवधि के दौरान, कर्मचारी का वेतन तथा भत्ता, उधारकर्ता संस्था द्वारा प्रदान किया जाएगा।

प्रतिनियुक्ति किये गये कर्मचारी या तो 1. अपना भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय वेतनमान प्रतिनियुक्ति भत्ता के साथ प्राप्त कर सकता है या 2. जिस संस्था को उन्हें प्रतिनियुक्त किया जाता है वहाँ उस पद के लिए निश्चित वेतन मान।

प्रतिनियुक्ति दरें (कर्तव्य) भत्ता : (1.9.2008 से)

उसी स्थान के अधीन	:	(बैंड वेतन + जीपी) का 5% अधिकतम रु. 2000/– प्रति महीने
अन्य प्रकरणों में	:	(बैंड वेतन + जीपी) का 10% अधिकतम रु. 4000/– प्रति महीने

भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय को प्रत्यावर्तन पर, कर्मचारी, उधार में लिये गये संस्था में अधिक वेतन तथा भत्ता प्राप्त करने के बावजूद भी, प्रतिनियुक्त न किये जाने की स्थिति में, जो वेतन और भत्ता प्राप्त करने का हकदार था उस सामान्य वेतन तथा भत्ता को प्राप्त करेगा ।

6. छुट्टी वेतन अंशदान :-

प्रतिनियुक्ति की अवधि के दौरान, कर्मचारी को भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय की छुट्टी नियमों द्वारा शासित किया जाएगा और प्रतिनियुक्ति के दौरान छुट्टी वेतन के लिए देयता विदेशी नियोजक द्वारा वहन किया जाएगा।

7. **छुट्टी यात्रा रियायत:-**

भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय से प्रनियुक्ति किये गये कर्मचारी को छुट्टी यात्रा रियायत प्राप्त करने का हक है, जो भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय में उन्हें प्रयोज्य नियमों के साथ अनुपालन में दिया जाएगा और इससे संबंधित लागत उधार लेने वाले संस्था द्वारा वहन किया जाएगा।

8. **प्रोफार्मा पदोन्नति:-**

भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के कर्मचारी, जिन्हें और एक संस्था में प्रतिनियुक्ति में रहते वक्त पदोन्नति प्राप्ति की अवधि आती है, उन्हें वरिष्ठता पर आधारित करके प्रोफार्मा/ पेपर पदोन्नति प्रदान की जाएगी ।

9. देय राशि:-

प्रतिनियुक्ति की अवधि के दौरान, निर्धारित अनुसूची के अनुसार, कर्मचारी, भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय को अपने सभी देय चुकाते रहेगा।

10. **कार्य पर लगने के लिए समय तथा स्थानांतरण यात्रा भत्ता**

प्रतिनियुक्त व्यक्ति, जिस उधार लेनेवाले संस्था पर उन्हें प्रतिनियुक्त किया गया है, उस संस्था के नियम तथा विनियम के अनुसार, उधार लेने वाले संस्था से, पद पर लगने तथा फिर भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय में वापस प्रत्यावर्तन किये जाने पर, लगते समय तथा स्थानांतरण यात्रा भत्ता दोनों को प्राप्त करने का हकदार है। इससे संबंधित खर्च उधार लेनेवाले नियोक्ता द्वारा वहन किया जाएगा।

11. सामान्य भविष्य निधि अंशदान:-

प्रतिनियुक्ति अवधि के दौरान, कर्मचारी, भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के साथ अपना सामान्य भविष्य निधि या किसी अन्य अनिवार्य घटाव जमाँ, जिसका वह सदस्य है, जारी रखेगा। इस अंशदान को, उनके प्रत्येक महीने के वेतन से काटा जाएगा और उसे उधार में लेनेवाले संस्था द्वारा या प्रतिनियुक्त किये गये कर्मचारी द्वारा, बिना चूक के भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय में जमा किया जाएगा। अंशदायी भविष्य निधि/ कर्मचारी भविष्य निधि के प्रकरण में, निधि की ओर नियोजक अंश, उधार लेने वाले संस्था द्वारा भुगतान किया जाएगा।

12. **चिकित्सा सुविधाएँ:-**

प्रतिनियुक्त किये गये कर्मचारी, उधार लिये संस्था के नियम तथा विनियम के अनुसार चिकित्सा सुविधाएँ पाने के हकदार होंगे।

13. भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के कानून, विधि तथा अध्यादेशों की प्रयोज्यता:-

उधार में लेनेवाले संस्था के नियंत्रण पर उनकी सेवाओं को दिये जाने के बावजूद भी, भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के कानून, विधि तथा अध्यादेश से उस प्रतिनियुक्त किये गये कर्मचारी बंधित होंगे।

अगर कोई कर्मचारी, उधार में लेनेवाले संस्था में उनकी प्रतिनियुक्ति के पूर्व, ऐसे कृत्य किया हो, जो उनपर भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के कानून, विधि तथा अध्यादेशों के अधीन लघु या विस्तार अनुशासनिक कार्यवाही लेना बाध्य करता है, तो, फिर भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय उस प्रतिनियुक्तिकार पर, प्रतिनियुक्त पर रहते वक्त भी, अनुशासनिक कार्यवाही प्रारंभ कर सकता है और उसे जारी रख सकता है तथा उनपर उपयुक्त पाये जानेवाले जुर्माना अधिरोपित कर सकता है। उधार लेने वाली संस्था, ऐसे कार्यवाहियों को आयोजित करने में भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय को सभी उचित सहयोग प्रदान करने में बाधित है।

अगर कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर रहते वक्त, ऐसे किसी कृत्य या चूक करेगा, जिस कारण से उनपर अनुशासनिक कार्यवाही लेना पडे, तो उधार में लेने वाली संस्था, उस कर्मचारी पर अनुशासनिक कार्यवाही लेने हेतु विनती करते हुए, कुलसचिव, भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय को विस्तार प्रतिवेदन पेश करेगा और इस संबंध में भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय द्वारा उचित कार्यवाही अपनाया जाएगा।

14. स्थाई समावेश :-

कोई भी कर्मचारी, जिन्हें प्रतिनियुक्ति पर अन्य संस्था को दिया गया हो, को, भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदन प्राप्त किये बिना, स्थाई तौर पर समावेश नहीं **किया जा सकता है**।

15. **शर्त व नियमों का सुदृढ़ अनुपालनः-**

उधार लेने वाले नियोक्ता, किसी भी छूट के बिना, उपरोक्त सभी शर्त व नियमों का अनुपालन करेंगे ।

2015 का अध्यादेष 15

[कार्यकारी समिति संकल्प सं. का स. 2015–31–26, दि. 26–06–2015 के तहत]

भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमों का पुनःमूल्यांकन, पुनः अंक गिनती, कृपांक प्रदान करना तथा उत्तर पुस्तिकाओं की प्रतिलिपि जारी करना

1. पुनःमूल्यांकन

1.1 उत्तर पुस्तिकाओं की मूल्यांकन के लिए आवेदन को, पोस्ट ग्रेजुएट परीक्षाएँ, प्रायोगिक परीक्षाएँ, क्षेत्रीय कार्य, आंतरिक मूल्यांकन, पत्र के बदले शोध प्रबंधन समर्पण और परीक्षाएँ जहाँ दो स्वतंत्र (दोहरा) मूल्यांकनों के लिए प्रावधान है, के अलावा अन्य परीक्षाओं के लिए ही विचार किया जाएगा।

1.2 पुनःमूल्यांकन के लिए आवेदन निर्धारित प्रारूप में किया जाना है और उसे संबंधित परिसर/कॉलेजों के जरिये भेजना है।

1.3 पुनः मूल्यांकन के लिए तभी अनुमति दिया जाएगा, जब परीक्षा सत्र के दौरान, विद्यार्थी द्वारा लिखित कुल पत्रों की संख्या में से पॉच से अधिक पत्रों में अनुत्तीर्ण नहीं होंगे।

1.4 अनुत्तीर्ण पत्र में पुनः मूल्यांकन के लिए प्रति पत्र के लिए रु. 500/– शुल्क वसूला जाएगा। अगर प्रश्न पत्र के विभिन्न भागों के प्रश्नों के लिए विभिन्न उत्तर पुस्तिकाओं में उत्तर लिखा गया है तो ऐसे सभी उत्तर पुस्तिकाओं को एक इकाई/पत्र के रूप में माना जाएगा। एसबीआई –कोर बैंकिंग चालान या भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित ऐसे अन्य तरीके से शुल्क को जमा किया जाएगा।

1.5 पुनःमूल्यांकन के लिए आवेदन पत्र, विश्वविद्यालय द्वारा अन्यथा विनिर्दिष्ट किये जाने के अलावा, परिणाम की प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के अन्दर परीक्षा नियंत्रक के कार्यालय में पहुँचना है।

1.6 किसी भी परिस्थिति में निर्धारित अंतिम तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। अधूरे आवेदन पत्रों को तथा संबंधित दस्तावेज संलग्न न किये गये आवेदनों को किसी भी कारण बताये बिना अस्वीकार किया जाएगा।

1.7 एक बार उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए जमा किये गये शुल्क को वापस नहीं किया जाएगा।

1.8 अगर प्रथम के तुलन में पुनःमूल्यांकन में विद्यार्थी कम अंक पाता है तो, वास्तविक अंक को ही रखा जा सकता है फिर भी, पुनःमूल्यांकन में अधिक अंक प्राप्त करने के बावजूद भी, विद्यार्थी परिणाम की स्थिति में बदलाव नहीं है तो, वास्तविक अंकों को वैसे ही बनाए रखा जाएगा और परिणाम को 'कोई परिवर्तन नहीं' घोषित किया जाएगा।

1.9 परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रत्येक विषय के लिए पाँच वर्षों से अधिक शिक्षण/ उद्योग अनुभव वाले विषय विशेषज्ञों का पेनल तैयार करना है और उसे कुलपति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जाना है। इस पेनल को प्रत्येक तीन वर्ष में एक बार पुनरीक्षण करना है।

1.10 प्रथम मूल्यांकन जिस परीक्षक द्वारा किया गया था, उन्हीं के द्वारा पत्र को पुनःमूल्यांकन नहीं किया जाना है ।

1.11 पाठयक्रम जहाँ एक मात्र परिसर/ कॉलेज में आयोजित किया जाता है उसके अलावा, पत्र के लिए पूर्व में विद्यार्थी जहाँ पढ़ा है, उस कॉलेज/परिसर के किसी परीक्षक द्वारा पुनः मूल्यांकन नहीं किया जाना है।

1.12 प्रति सत्र के लिए 25 से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं को मूल्यांकन के लिए परीक्षक को नहीं देना है।

1.13 अगर उत्तर पुस्तिकाओं के 20 प्रतिशत से अधिक में, पुनमूल्यांकन में अंकों की घटाव या चडाव होता है तो सही माध्यम के जरिये संबंधित परीक्षक से स्पष्टीकरण माँगा जाएगा और उत्तर को आगे की कार्यवाही के लिए कुलपति के सामने पेश किया जाएगा।

1.14 इन मार्गदर्शिकाओं के अधीन, परीक्षक जिनके विरुद्ध कार्यवाही लिया गया है, उनकी सूची का रखरखाव उप कुलसचिव द्वारा किया जाएगा। ऐसे हटाये गये परीक्षकों को, 3 वर्ष की अवधि के लिए, किसी परीक्षा के संबंध में नियुक्ति के बारे में विचार नहीं किया जाएगा।

1.15 जहाँ प्रथम और द्वितीय मूल्यांकन के बीच 100 में से 15 अंकों से अधिक विविधता होगी, उत्तर पुस्तिका को तृतीय मूल्यांकन के लिए भेजा जाएगा। अंतिम अंक 'तृतीय मूल्यांकन का औसत और प्रथम तथा द्वितीय मूल्यांकन के बीच निकटतम' होगी।

1.16 पुनः मूल्यांकन परिणामों को, आवदनों की प्राप्ति की **तिथि** से एक महीने के अन्दर प्रकाशित किया जाएगा।

1.17 पुनः मूल्यांकन से संबंधित सभी कार्यों को अति गोपनीय माना जाएगा और इसलिए इसपर अंतरित प्रश्नों पर विचार नहीं किया जाएगा।

1.18 पुनः मूल्यांकन के लिए पारिश्रमिक भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित दरों पर प्रदान किया जाएगा।

1.19 परिसर/ कॉलेज के निदेशक/ प्राध्यापक को, परीक्षा नियंत्रण द्वारा आबंटित तारीख और दिन पर प्राथमिकता आधार पर (पुनःमूल्यांकन/ पुनः अंक गिनती सम्मिलित करके) परीक्षकों को उपलब्ध कराना है।

1.20 संबद्ध कॉलेजों के अध्यापकों को, मूल्यांकन (पुनःमूल्यांकन/ पुनः अंक गिनती सम्मिलित करके) प्राथमिकता देकर कार्य करना है। अगर, संबद्ध कॉलेज का प्राध्यापक, मूल्यांकन (मूल्यांकन/ पुनः अंक गिनती) के लिए अध्यापक को रिलीव करने से चूकता है या अध्यापक मूल्यांकन (मूल्यांकन/ पुनः अंक गिनती सम्मिलित करके) कार्य में उपस्थित होने से चूकता है, तो, संबंधित अध्यापकों पर तीन वर्षों के लिए रोक लगाया जाएगा। इसका कॉलेज की संबद्धता जारी रहने पर प्रतिकूल प्रभाव पडेगा ।

2. पुनः अंक गिनती

2.1 प्रायोगिक परीक्षा, क्षेत्रीय कार्य, आंतरिक मूल्यांकन व पत्र के बदले में समर्पित शोध पुस्तिकाओं के अलावा उत्तर पुस्तिकाओं की पुनः अंक गिनती के लिए आवेदन, **ग्रेजुएट** परीक्षाएँ, **पोस्ट ग्रेजुएट** परीक्षाएँ, की पुनः अंक गिनती के लिए विचार किया जाएगा।

2.2 पुनः अंक गिनती के लिए आवेदन, निर्धारित प्रारूप में किया जाएगा और इसे संस्था के संबंधित अध्यक्ष के जरिये भेजना है।

2.3 पुनः अंक गिनती के लिए, प्रति पत्र के लिए रु.250/— शुल्क प्रभारित किया जाएगा। भारतीय समुद्रीय विद्यालय के एसबीआई—कोर बैंकिंग चालान के जरिये ही इस शुल्क को जमा किया जाएगा।

2.4 उत्तर पुस्तिकों की पुनः अंक गिनती के लिए, एक बार जमा किये गये शुल्क को वापस नहीं किया जाएगा।

2.5 पुनः अंक गिनती संबंधित सभी कार्यों को अति गोपनीय माना जाएगा और इसलिए इससे संबंधित अंतरिम प्रश्नों पर विचार नहीं किया जाएगा।

2.6 पुनः अंक गिनती संबंधित आवेदन पत्र, विश्वविद्यालय द्वारा अन्यथा निर्दिष्ट न किये जाने पर, परिणाम के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के अन्दर, परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में पहुँचना है।

2.7 परीक्षा नियंत्रक द्वारा नामित **शिक्षक** द्वारा पुनः अंक गिनती किया जाएगा।

2.8 पुनः अंक गिनती अंकों को अंतिम अंक के रूप में लिया जाएगा और वास्तविक मूल्यांकन में विद्यार्थी द्वारा प्राप्त अंक को बदला जाएगा और इसके अनुसार परिणाम को घोषित किया जाएगा।

2.9 अगर पुनः अंक गिनती अंक वही है या वास्तविक मूल्यांकन में प्राप्त अंकों से कम है तो, घोषित परिणामों का स्तर नहीं बदलेगा।

2.10 आवेदन पत्रों की प्राप्ति की तारीख से 15 दिनों के अन्दर पुनः अंक—गिनती परिणामों को प्रकाशित किया जाना है।

3. कृपांक

3.1 सभी सत्रों में एक या अधिक प्रपत्रों में 5 अंक तक कृपांक दिया जा सकता है। इसका निर्णय परीक्षा समिति द्वारा लिया जाएगा।

4. प्रतिलिपियों को जारी करना

4.1 उत्तर पुस्तिकाओं की प्रतिलिपि, पृष्ठों की संख्या पर ध्यान न देते हुए, डाक खर्च सम्मिलित करके रु.150/— फ्लेट शुल्क भुगतान करने पर, अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रदान किया जाएगा।

4.2 परीक्षा परिणाम प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के अन्दर आवेदन किया जाना है।

4.3 भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के एसबीआई—कोर बैंकिंग चालान के जरिये शुल्क को जमा किया जाएगा।

2015 का अध्यादेष 16

[कार्यकारी समिति संकल्प सं.का स. 2015–29–05, दि. 31–10–2014 तथा का स 2015–31–27 दि 26–06–2015 के तहत]

संबद्धता तथा मान्यता बोर्ड

भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के मुख्यालय में संबद्धता तथा मान्यता (बीएआर) बोर्ड स्थापित किया जाएगा और उसमें निम्न सदस्य होंगे:

1. कुलपति
2. कुलसचिव
3. किसी भी परिसर के 2 प्रतिनिधि, जो इस क्षेत्र में विशेषज्ञ है को कुलपति द्वारा नामित किया जाएगा।
4. डीजीएस के दो प्रतिनिधि, नॉटिकल तथा इंजीनियरिंग शाखाओं के प्रत्येक में से एक, को कुलपति की सहमति के साथ नामित किया जाएगा।
5. शिक्षा परिषद द्वारा उद्योग से नामित 2 विशेषज्ञ।

कुलसचिव, संबद्धता तथा मान्यता बोर्ड के सदस्य–सचिव रहेंगे।

नामित सदस्यों का कार्यकाल, नामित की गयी तिथि से 3 वर्ष का होगा।

नोट: दिनांक 12 मई, 2009 को भारत के राजपत्र संख्या 76 के "शैक्षिक विषयों को निर्धारित करने वाले अध्यादेश" के अध्याय XXI – III में प्रकाशित प्रकाशन 'भाग II संबंधन और मान्यता बोर्ड' को निरस्त किया जाता है।

IndiaCode

2015 का अध्यादेष 17

[कार्यकारी समिति संकल्प सं. का स. 2015–31–28, दि. 26–06–2015 के तहत]

विश्वविद्यालय की परीक्षा देनेवाले विद्यार्थियों के लिए उपस्थिति की आवश्यकता तथा अध्ययन में ब्रेक को नियंत्रण करने वाले मानक

1. प्रत्येक **सेमेस्टर** के लिए निम्नतम कार्यकारी दिन जैसे **व्याख्यान**, टूटोरियल्स, सेमिनार, प्रायोगिक आदि आयोजित करने के लिए वास्तविक दिनों की संख्या 90 दिन रहेगा। **सेमेस्टर** के दौरान औसत पर, **व्याख्यान** समय हफ्ते में 30 घंटों से अधिक नहीं रहेगा और प्रायोगिक, क्षेत्र कार्य, औद्योगिक दौरा, ग्रन्थालय तथा कम्प्यूटर प्रयोगशाला, हफ्ते में 10 घंटे से अधिक नहीं रहेगा।

2. विद्यार्थियों को वर्ग में नियमित तौर पर सही समय में उपस्थित रहना है।

3. प्रत्येक वर्ग के प्रारंभ में उपस्थिति दर्ज किया जाएगा। 10 मिनट से अधिक देरी से वर्ग में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों को उस वर्ग में अनुपस्थित दर्ज किया जाएगा।

4. सही वर्दी के बिना (जहाँ भी वर्दी निर्धारित है) वर्ग/ प्रायोगिक के लिए आने वाले विद्यार्थियों को अनुपस्थित दर्ज किया जाएगा।

5. प्रत्येक कार्यकारी **सेमेस्टर** को दो सत्रों में विभाजित किया गया है जैसे पूर्वान्ह **सेमेस्टर** तथा अपरान्ह सत्र। अगर एक सत्र के एकल **व्याख्यान** घंटे या प्रायोगित वर्ग के लिए विद्यार्थी अनुपस्थित है तो उन्हें संपूर्ण सत्र के लिए अनुपस्थित दर्ज किया जाएगा जैसे वह अपना पूरा दिन की उपस्थिति खो देगा।

6. भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के सभी सत्रांत परीक्षाओं में (सिद्धांत तथा प्रायोगिक) बैठने के लिए सभी विद्यार्थियों को निम्नतम 75 प्रतिशत उपस्थिति की आवश्यकता है।

7. उपस्थिति की निम्नतम औसत को सत्र में कुल कार्यकारी दिन के शर्तों में आकलन करना है न कि वर्गों या विषय वार।

8. छात्रवृत्ति या अन्य सहायता प्राप्त करनेवाले विद्यार्थियों के लिए उच्च उपस्थिति की आवश्यकता हो सकती है।

9. पाठ्येतर गतिविधियों, मीट/ प्रतियोगिताएँ, खेल प्रतियोगिताएँ, सेमिनार आदि में संस्था/ विश्वविद्यालय/ राज्य/ देश को प्रतिनिधित्व करनेवाले विद्यार्थियों को संबंधित परिसर निदेशक/ प्रधानाध्यापक से प्राप्त सही अनुमति के तहत, अनुपस्थित दर्ज नहीं किया जाएगा, ऐसे विद्यार्थियों को, **सेमेस्टर** में कुल कार्यकारी दिनों के 10 प्रतिशत सीमा के तहत वर्गों में उपस्थित माना जाएगा।

10. अगर एक विद्यार्थी, चिकित्सीय, मृत्यु या अन्य किसी कारण से, 75 प्रतिशत से कम पर, 65 प्रतिशत या उससे समान या उच्च उपस्थिति दर्ज किया है तो उपस्थिति के लिए निर्धारित क्षमादान वसूलते हुए, उपस्थिति की कमी को क्षमा करने का हक परिसर निदेशक/ प्रधानाध्यापक को है।

11. किसी भी परिस्थिति में 65 प्रतिशत से कम उपस्थिति को क्षमा नहीं किया जाएगा। विद्यार्थी जो 65 प्रतिशत से कम उपस्थिति दर्ज किया है, को सत्रांत परीक्षा लिखने की अनुमति नहीं दिया जाएगा और उन्हें अगले सत्र **सेमेस्टर** में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसे 'ब्रेक इन स्टडीज' माना जाएगा और उन्हें अगले शैक्षिक वर्ष में अपूर्ण **सेमेस्टर** को दोहराना पडेगा। पाठ्यक्रम में पुनः भर्ती होने के पूर्व, उन्हें (i) विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित ब्रेक इन स्टडीज के लिए क्षमादान राशि जमा करनी पड़ेगी। (ii) जिस अपूर्ण **सेमेस्टर** को दोहराता है वहॉ संबंधित **सेमेस्टर** के लिए **सेमेस्टर** शुल्क फिर भरना पडेगा और (iii) कुलपति से पूर्व अनुमति प्राप्त करना है। अनुसमर्थन के लिए विनती स्वीकार नहीं किया जाएगा।

12. फिर भी, पूर्व सत्रों के अरियर परीक्षाओं को देने के लिए इन विद्यार्थियों को अनुमति दी जाएगी।

13. निर्धारित प्रारूप में परीक्षा नियंत्रक को भेजने की जिम्मेदारी परिसर निदेशक/ प्रधानाध्यापक को है (i) सभी विद्यार्थियों का उपस्थिति विवरण, और (ii) परीक्षाओं की शुरूआत से कम से कम 14 दिनों के पूर्व या निर्धारित ऐसे तारीख के अन्दर, प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए अलग तौर पर, अर्हता प्राप्त विद्यार्थीयों की उपस्थिति विवरण तथा उपस्थिति के लिए रकम जमा करनेवाले विद्यार्थीयों का विवरण। अनुपस्थिति के लिए क्षमादान शुल्क भुगतान करने की आवश्यकता रहने पर भी, रकम जमा न किये विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र नहीं दिया जाएगा या परीक्षा फल को रोककर रखा जाएगा।

14. जहॉ एक विद्यार्थी स्वयं, किसी कारणवश, शैक्षिक वर्ष के मध्य में, 'अध्ययन से ब्रेक' लेने के संबंध में, परीक्षा नियंत्रक को प्रति संकेतित करके, परिसर निदेशक/ प्रधानाध्यापक को लिखित सूचना देकर **बाहर होता है, बाहर होते समय सेमेस्टर** को पूर्ण कर चुका है तो अगले **सेमेस्टर** के प्रारंभ में या अपूर्ण **सेमेस्टर** के प्रांरभ में, अधिकतम 3 वर्ष के अन्दर, उसी परिसर/ संबंद्ध संस्था में पुनः प्रवेश लेने की अनुमति दी जाएगी। पाठ्यक्रम में पुनः प्रवेश लेने के पूर्व, उन्हें (i) विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित ब्रेक इन स्टडीज के लिए क्षमादान शुल्क भरना पड़ेगा, (ii) जहॉ अपूर्ण **सेमेस्टर** को दोहरा रहा है वहाँ फिर संबंधित **सेमेस्टर** के लिए **सेमेस्टर** शुल्क, और (iii) कुलपति से पूर्व अनुमति प्राप्त करना है। यदि, भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय परिसर या संबंद्ध संस्था या संबंधित पाठ्यक्रम उपलब्ध नहीं है तो ब्रेक-इन-स्टडीज के बाद पुनःप्रवेश लेने के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में किसी अनुसमर्थन की विनती पर विचार नहीं किया जाएगा।

नोट: *दिनांक 12 मई 2009 को भारत के राजपत्र संख्या 76 के "शैक्षिक विषयों को निर्धारित करने वाले अध्यादेश" में प्रकाशित प्रकाशन 'अध्याय XV परिक्षाएं' को निरस्त किया जाता है।*

2015 का अध्यादेश 18

[कार्यकारी समिति संकल्प सं.का स. 2015–31–29, दि. 26–06–2015 के तहत]

भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय परिसर के विद्यार्थियों द्वारा देय **सेमेस्टर** शुल्क तथा जुर्माना

1. भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के परिसरों में विद्यार्थियों द्वारा देय **सेमेस्टर** शुल्क, समय समय पर कार्यकारिणी समिति द्वारा निर्धारित किया जाएगा। शैक्षिक वर्ष 2015–16 के लिए भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय परिसरों में विद्यार्थियों द्वारा देय **सेमेस्टर** शुल्क निम्न होगा :

भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए विद्यार्थियों द्वारा देय शुल्क

पाठ्यक्रम	विद्यार्थियों का लिंग	शैक्षिक वर्ष के लिए कुल शुल्क	प्रत्येक **सेमेस्टर** में देय शुल्क		
			विषम सेमेस्टर		**समान सेमेस्टर**
			पाठ्यक्रम शुल्क	**सेमेस्टर शुल्क**	**सेमेस्टर शुल्क**
बी.टेक (मरीन इंजीनिरिंग)	पुरुष	2,25,000/-	25,000/-	1,00,000/-	1,00,000/-
	स्त्री	1,45,000/-		60,000/-	60,000/-
बी.टेक (नेवल आर्किटेक्चर व समुद्री इंजीनियरिंग)	पुरुष	2,25,000/-	25,000/	1,00,000/-	1,00,000/-
	स्त्री				
बी.एससी.,(नॉटिकल विज्ञान)	पुरुष	2,20,000/-	25,000/-	97,500/-	97,500/-
	स्त्री	1,40,000/-		57,500/-	57,500/-
बी.एससी.,(समुद्री विज्ञान)	पुरुष	2,20,000/-	25,000/-	97,500/-	97,500/-
	स्त्री	1,40,000/-		57,500/-	57,500/-
बी.एससी.,(जहाज निर्माण व मरम्मत)	पुरुष	2,00,000/-	25,000/-	87,500/-	87,500/-
	स्त्री				
बी एससी की ओर ले चलनेवाले डीएनएस पाठ्यक्रम (प्रयोगित नॉटिकल विज्ञान)	पुरुष	2,20,000/-	25,000/-	97,500/-	97,500/-
	स्त्री	1,40,000/-		57,500/-	57,500/-
एम.टेक(नेवल आर्किटेक्चर व समुद्री इंजीनियरिंग)	पुरुष	2,25,000/-	25,000/-	1,00,000/-	1,00,000/-
	स्त्री			1,00,000/-	1,00,000/-
एम.टेक(बंदरगाह व ड्रेजिंग इंजीनियरिंग)	पुरुष	2,25,000/-	25,000/-	1,00,000/-	1,00,000/-
	स्त्री			1,00,000/-	1,00,000/
एमबीए,(अंतर्राष्ट्रीय परिवहन तथा लॉजिस्टिक्स)	पुरुष	2,00,000/-	25,000/-	87,500/-	87,500/-
	स्त्री				
एसबीए (बंदरगाह व पोत प्रबंधन)	पुरुष	2,00,000/-	25,000/-	87,500/-	87,500/-
	स्त्री				
पीजीडीएमई	पुरुष	3,00,000/-	25,000/-	1,37,500/-	1,37,500/
	स्त्री	2,00,000/-		87,500/-	87,500/-

IndiaCode

2. **सेमेस्टर** शुल्क में – पाठ्यक्रम पर आधारित करके – सामान्यतः यह सभी या आंशिक रूप से सम्मिलित होंगे : ट्यूशन शुल्क (ग्रन्थालय शुल्क, प्रयोगशाला शुल्क, कार्यशाला शुल्क, औद्योगिक दौरा शुल्क, पाठ्येतर गतिविधि शुल्क, चिकित्सा शुल्क आदि सम्मिलित करके), मेस प्रभार, लॉजिंग प्रभार, बाल सीधा करने प्रभार, लॉड्री प्रभार, वर्दी की लागत और ऐसे ही। इसमें प्रवेश के समय वसूली एकमुश्त रु.20000/– जमानत जमा सम्मिलित नहीं है।

3. अनिवासी भारतीय/ भारतीय मूल के व्यक्ति /विदेश निवासी वर्गों के अधीन प्रवेश दिये जानेवाले विद्यार्थियों के लिए उच्च **सेमेस्टर** शुल्क निर्धारित करने का हक विश्वविद्यालय के साथ सुरक्षित है।

4. **सेमेस्टर** शुल्क स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के आई–कलेक्ट या किसी निधि अंतरण एलक्ट्रानिक तरीका या विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किसी भी तरीका से देय होगा।

5. किसी भी पाठ्यक्रम के प्रथम **सेमेस्टर** के लिए, **सेमेस्टर** से संबंधित पूर्ण **सेमेस्टर** शुल्क को विद्यार्थी को प्रवेश दिये जाने के पहले वसूला जाएगा। पूर्ण रूप से प्रथम **सेमेस्टर** से संबंधित **सेमेस्टर** शुल्क भुगतान न किये जाने पर किसी भी विद्यार्थी को किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

6. द्वितीय **सेमेस्टर** से, **सेमेस्टर** के प्रारंभ होनेवाले दिन पर ही **सेमेस्टर** शुल्क जमा करना पड़ेगा।

7. अगर **सेमेस्टर** की शुरूआत दिन से 7 दिनों के अन्दर **सेमेस्टर** शुल्क भुगतान किया जाएगा तो जुर्माना नहीं होगा।

8. 7 दिनों के अन्दर पूर्ण रूप से **सेमेस्टर** शुल्क भुगतान न किये जानेवाले चूककर्ताओं की सूची, छात्रावास तथा विभाग के सूचनापट् में परिसर निदेशक द्वारा प्रदर्शित किया जाएगा।

9. **सेमेस्टर** शुल्क देरी से जमा करने पर जुर्माना निम्न होगा :

(अ) सेमेस्टर की शुरूआत दिन से 8वीं तथा 30वीं दिनों के बीच, 7 दिनों के अन्दर अंश में, **सेमेस्टर** शुल्क भुगतान किये जाने पर भी, रु.100 प्रति दिन की हिसाब से जमा करना पड़ेगा।

(आ) सेमेस्टर की शुरूआत दिन से 31वॉ तथा 60वॉ दिनों के बीच, जुर्माना शुल्क सम्मिलित करके आंशिक तौर पर **सेमेस्टर** शुल्क भुगतान किये जाने पर भी, रु.200 प्रति दिन की हिसाब से जमा करना पड़ेगा।

10. विभाग के सूचनापट् तथा छात्रावास में, 30 दिनों के अन्दर जमा करने योग्य पूर्ण रूप से जुर्माना के साथ **सेमेस्टर** शुल्क न जमा करने वाले चूककर्ताओं की सूची, परिसर निदेशक द्वारा प्रदर्शित किया जाना है। विद्यार्थियों के लिए मात्र नहीं, बल्कि उनके माँ–बाप को भी लिखित रूप से व्यक्तिगत सूचनाएँ प्रदान करना होगा जिसमें चूककर्ताओं को विश्वविद्यालय के पंजी से हटाने संबंधित तथा **सेमेस्टर** की शुरूआत तारीख से 60 दिनों पहले देय जुर्माना के साथ **सेमेस्टर** शुल्क पूर्ण रूप से न जमा करने पर छात्रावास से भी निकालने संबंधित चेतावनी उपलब्ध होगी ।

11. अगर **सेमेस्टर** की शुरूआत दिन से 60 दिनों के बाद भी, जुर्माना मिलाकर देय **सेमेस्टर** शुल्क भुगतान नहीं किया जाएगा तो, विश्वविद्यालय की पंजी से चुकने वालों का नाम हटाया जाएगा और 61वॉ दिन से उन्हें छात्रावास से भी निकाला जाएगा।

12. चूकनेवाले विद्यार्थी को **सेमेस्टर** में पुनः प्रवेश लेने अनुमति **दी जा सकती है**, बशर्ते कि वह पूर्ण रूप से जुर्माना मिलाकर **सेमेस्टर** शुल्क, **सेमेस्टर** की शुरूआत दिन से 61वें तथा 90वें दिन के बीच, जमा कर देगा और रु.10000 का पुनः प्रवेश पंजीकरण शुल्क जमा करेगा। इस ब्रेक के कारण उपस्थिति में कमी हो तो उसके लिए विद्यार्थी ही जिम्मेदार होंगे ।

13. अगर शुल्क जमा करने से चूकनेवाले विद्यार्थी, उन्हें प्रदत्त अवसर के बावजूद भी, **सेमेस्टर** की शुरूआत दिन से 90 दिनों के अन्दर, पुनः प्रवेश पंजीकरण शुल्क रु.10000 तथा देय जुर्माना के साथ **सेमेस्टर** शुल्क भुगतान नहीं करेगा तो उस विद्यार्थी को पढाई में एक ब्रेक भोगना पड़ेगा तथा अगले शैक्षिक वर्ष में उसी **सेमेस्टर** में पुनः प्रवेश लेना पड़ेगा, बशर्ते कि वह अपने से देय निलंबित पूर्ण शुल्क जमा करेगा तथा विश्वविद्यालय से लिखित पूर्व अनुमति प्राप्त करेगा।

IndiaCode

14. विद्यार्थी तथा उनके माँ–बाप से निलंबित देयों की वसूली के लिए कानूनी कार्यवाही लेने तथा देयों का जबतक पूर्ण रूप से भुगतान ना हो, तब तक मूल प्रमाण पत्र को रोके रखने का हक, विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है।

15. अगर एक विद्यार्थी, प्रवेश पंजीकरण शुल्क तथा पाठ्यक्रम शुल्क जमा करने के बाद, निर्धारित समयाावधि के अधीन प्रथम **सेमेस्टर** में पाठ्यक्रम में भाग लेने हेतु परिसर में नहीं जाएगा तो किसी भी परिस्थिति में वह प्रवेश पंजीकरण शुल्क और पाठ्यक्रम शुल्क वापस प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा ।

16. अगर एक विद्यार्थी प्रथम **सेमेस्टर**के लिए प्रवेश पंजीकरण शुल्क, पाठ्यक्रम शुल्क तथा **सेमेस्टर** शुल्क जमा करने के बाद विश्वविद्यालय छोडकर जाते हैं तो किसी भी परिस्थिति में उन्हें प्रवेश पंजीकरण शुल्क तथा पाठ्यक्रम शुल्क वापस नहीं दिया जाएगा। उन्हें **सेमेस्टर** शुल्क पूर्ण रूप से वापस करने को हक है, बशर्ते कि वह एक दिन भी वर्ग में उपस्थित न हो। अगर एक या अधिक दिनों के लिए वर्ग में उपस्थित थे तो पूर्ण **सेमेस्टर** शुल्क भी वापस प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा ।

17. अगर एक विद्यार्थी किसी **सेमेस्टर** के बीच में विश्वविद्यालय को छोडकर जाएगा तो, वे भुगतान किये गये **सेमेस्टर** शुल्क की वापसी के लिए हकदार नहीं होंगे। फिर भी, विद्यार्थी से आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने पर, उनके द्वारा प्राप्य सभी रकम को काटने के लिए जमानत जमा रकम की बाकी वापस किया जाएगा।

18. यदि विद्यार्थी, विश्वविद्यालय छोडने से एक केलेन्डर वर्ष के अन्दर अपने खाता में उपलब्ध रकम की वापसी के लिए दावा नहीं करता है, तो उस रकम को परिसर विकास निधि की और उनका दान माना जाएगा।

19. उपरोक्त सभी के बावजूद, विद्यार्थी को सभी देय भुगतान करने, निर्धारित परीक्षा शुल्क भरने तथा 'कोई देय नहीं' प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही एंड-**सेमेस्टर** परीक्षा में बैठने दिया जाएगा।

नोट: दिनांक 12 मई, 2009 को भारत के राजपत्र संख्या 76 के □शैक्षिक विषयों को निर्धारित करने वाले अध्यादेश" में प्रकाशित प्रकाशन 'अध्याय X छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय और सम्बद्ध महाविद्यालय/ संस्थान को देय शुल्क' को निरस्त किया जाता है।

2015 का अध्यादेष 19

[कार्यकारी समिति संकल्प सं.का स. 2015–31–30, दि. 26–06–2015 के तहत]

भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय परिसर तथा संबद्ध संस्थाओं में विद्यार्थियों के लिए परीक्षाएँ, पदवीदान तथा कई अन्य उद्देष्यों के लिए शुल्क

क्रम सं.	विवरण	प्रस्तावित शुल्क (रु.)
अ) परीक्षा तथा अन्य संबंधित शुल्क		
(I)ग्रेजुएट पाठ्यक्रम (सत्रांत व गैर–सत्रांत प्रणाली)		
(i)	प्रत्येक लिखित प्रश्न पत्र	300 500 (अरियर पत्र के लिए)
(ii)	प्रत्येक प्रायोगिक परीक्षा – 3 घंटे	200 300 (अरियर पत्र के लिए)
(iii)	परियोजना कार्य	500

